# UP Board Class 6 Science Important Questions Chapter 5 तन्तु से वस्त्र तक

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
तंतु किसे कहते हैं?
उत्तर:
तागे (धागे) बहुत ही पतली - पतली लड़ियों से मिलकर बने होते हैं, जिन्हें तंतु कहते हैं।

प्रश्न 2.
तंतु कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखिए।
उत्तर:
तंतु मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं-प्राकृतिक तंतु और संश्लिष्ट तंतु।

प्रश्न 3.
प्राकृतिक तंतु कहाँ से प्राप्त होते हैं?
उत्तर:
पादप तथा जन्तुओं से।

प्रश्न 4.
पादप तथा जन्तुओं से प्राप्त प्राकृतिक तन्तुओं के उदाहरण दीजिए।
उत्तर:

1. पादपों से प्राप्त तन्तु - रुई, जूट (पटसन)।
2. जन्तुओं से प्राप्त तन्तु - ऊन, रेशम।

प्रश्न 5.
ऊन किन जन्तुओं से प्राप्त की जाती है?
उत्तर:
ऊन भेड़, बकरी, खरगोश, याक तथा ऊँटों के बालों से प्राप्त की जाती है।

प्रश्न 6.
संश्लिष्ट तंतु किसे कहते हैं? कोई दो उदाहरण भी लिखिए।
उत्तर:
रासायनिक पदार्थों से निर्मित होने वाले तंतु संश्लिष्ट तंतु कहलाते हैं, जैसे-नायलॉन, पॉलिएस्टर आदि।

प्रश्न 7.
'कपास ओटना' से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
कपास से बीजों को कंकतन द्वारा पृथक् करने की प्रक्रिया कपास ओटना कहलाती है।

प्रश्न 8.
भारत में जूट (पटसन) उत्पादित करने वाले किन्हीं तीन राज्यों के नाम लिखो।
उत्तर:
पश्चिम बंगाल, बिहार तथा असम।

प्रश्न 9.
पटसन की फसल को किस अवस्था में काटा जाता है?
उत्तर:
पुष्पन अवस्था में।

प्रश्न 10.
'कताई' किसे कहते हैं?
उत्तर:
रेशों से तागा बनाने की प्रक्रिया को कताई कहते है।

प्रश्न 11.
'तकली' से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
कताई के लिए एक सरल युक्ति 'हस्त तकुआ' का उपयोग किया जाता है जिसे तकली कहते हैं।

प्रश्न 12.
'बुनाई' से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
तागों के दो सेटों को आपस में व्यवस्थित करके वस्त्र बनाने की प्रक्रिया बुनाई कहलाती है।

प्रश्न 13.
'खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग' क्या है?
उत्तर:
खादी के प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने 1956 में एक संगठन का निर्माण किया जिसे खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग कहते हैं।

प्रश्न 14.
'खादी' क्या है?
उत्तर:
हाथ कते तागों से बुने वस्त्रों को 'खादी' कहते है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 15.
किन्हीं तीन ऐसे राज्यों के नाम लिखिए, जहाँ कपास की कृषि की जाती है।
उत्तर:
गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश।

प्रश्न 16.
बिना सिले हुए वस्त्रों के रूप में उपयोग किये जाने वाले चार वस्त्र लिखिए।
उत्तर:
1. साड़ी,
2. धोती,
3. लुंगी,
4. पगड़ी।

लघूत्तरात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1.
हमें रुई कहाँ से और कैसे प्राप्त होती है? स्पष्ट करें।
उत्तर:
हमें रुई कपास के पौधे से प्राप्त होती है। साधारणतया कपास के पौधे के लिए काली मृदा और उष्ण जलवायु उत्तम होती है। कपास पादप के फल 'कपास गोलक' कहलाते हैं, जो नींबू के समान होते हैं। पूर्ण परिपक्व होने पर कपास के बीज टूटकर खुल जाते हैं, जिससे कपास तंतुओं से ढके बिनौले (कपास बीज) स्पष्ट दिखाई देने लगते हैं। अब इन कपास बॉलों से कपास को हाथ द्वारा चुन लिया जाता है। इसके बाद कपास से बीजों को कंकतन द्वारा पृथक् किया जाता है, जो 'कपास ओटना' कहलाता है। पारम्परिक ढंग से कपास हाथों से ओटी जाती थी, परन्तु आजकल मशीनों का भी उपयोग किया जाने लगा है।

प्रश्न 2.
पटसन (जूट) तंतु के विषय में लिखिए।
उत्तर:
पटसन तंतु को पटसन पादप के तने से प्राप्त किया जाता है। भारत में पटसन की खेती मुख्यतः वर्षा ऋतु में की जाती है। यह प्रमुखतः पश्चिम बंगाल, बिहार तथा असम में उगाया जाता है। साधारणतया पटसन पादप को पुष्पन अवस्था में ही काट लेते हैं एवं काटने के पश्चात् इसके तनों को कुछ दिनों के लिए जल में डुबोकर रखते हैं। इससे तने गल जाते हैं जिससे पटसन तंतुओं को उनसे आसानी से हार्थों द्वारा अलग कर लिया जाता है। इसके पश्चात् इन सभी तंतुओं को धागों में परिवर्तित करके वस्त्र बना लिए जाते हैं।

प्रश्न 3.
वस्त्र निर्माण प्रक्रिया को आरेख द्वारा दर्शाइए।
उत्तर:

